अमर उजाला 30/08/2022

# बैडमिंटन मुकाबले में रोशनी, पीयूष प्रथम



विजेता छात्राओं के साथ मौजूद शिक्षक। संवाद

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अंबाला छावनी में सोमवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस दौरान आयोजित बैडमिंटन मुकाबले में महिला वर्ग में रोशनी ने प्रथम, राखी ने द्वितीय तथा मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में पीयूष ने प्रथम, मनप्रीत ने द्वितीय व मोक्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने बताया कि 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्म हुआ था। उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने के पीछे खेल भावना और खिलाड़ियों को सम्मान देना है। इसके अलावा प्रतिवर्ष खेल दिवस मनाने से लोगों को खेलों के प्रति जागरूक करने का कार्य भी किया जाता है। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में अंपायर की भूमिका डॉ. सुरजीत ने निभाई। संवाद